# भारतीय जनता पार्टी

(केंद्रीय कार्यालय)
6ए, दीनदयाल उपाध्याय मार्ग, नई दिल्ली

03 मई 2024, शुक्रवार

**<u>केंद्रीय गृह व सहकारिता मंत्री श्री अमित शाह द्वारा कर्नाटक के हुक्केरी में जनसभा में दिए गए उद्बोधन के मुख्य बिंदु</u>**

**राहुल गाँधी अमेठी से भाग रायबरेली गए, लेकिन वे वहाँ से भी हारेंगे**

*****************

**कांग्रेस लव जिहाद की शिकार नेहा को न्याय नहीं दे सकती तो केस सीबीआई को सौंप दे**

*****************

**10 महीने में ही कांग्रेस ने कर्नाटक को बर्बाद कर दिया**

*****************

**कर्नाटक में कांग्रेस सरकार ने आते ही किसानों के ₹4,000 बंद कर दिए**

*****************

**20 बार लॉन्च करने के बाद भी राहुल गांधी सफल नहीं हो पाये**

*****************

**बम धमाके करने वाली SDPI से कांग्रेस ने कर्नाटक में समर्थन लिया**

*****************

माननीय केंद्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री और भारतीय जनता पार्टी के वरिष्ठ नेता श्री अमित शाह ने आज शुक्रवार को कर्नाटक के हुक्केरी में जनसभा को संबोधित करते हुए तुष्टिकरण की राजनीति को लेकर कांग्रेस पर जमकर निशाना साधा और प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी के नेतृत्व में भाजपा शासन में हुए विकास कार्यों का उल्लेख किया। इस कार्यक्रम में हुक्केरी विधायक श्री निखिल कट्टी, चिकोडी जिला अध्यक्ष श्री सतीश अप्पाजी गोल, चिकोडी लोकसभा प्रत्याशी श्री अन्नासाहेब शंकर जोले सहित अन्य नेतागण उपस्थित रहे।

श्री शाह ने कहा कि चिकोडी की जनता को तय करना है कि परिवारवादी कांग्रेस चाहिए या परंपरा का वहन करने वाली भाजपा चाहिए। कर्नाटक की जनता ने दो बार आशीर्वाद देकर श्री नरेन्द्र मोदी जी को प्रधानमंत्री बनाया। **पिछले 10 वर्षों में श्री नरेन्द्र मोदी ने हिन्दू परंपरा के मानबिन्दुओं को पुनः प्रतिस्थापित करने का कार्य किया है**। कांग्रेस ने 70 वर्षों तक श्री राम मंदिर के मुद्दे को लटका कर रखा लेकिन श्री नरेन्द्र मोदी के प्रधानमंत्री बनाने के 5 वर्षों में ही कोर्ट का फैसला आ गया, भूमिपूजन भी हो गया और भव्य राम मंदिर भी बनकर तैयार हो गया है। श्री राम मंदिर की प्राण प्रतिष्ठा के निमंत्रण के बाद भी कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष खड़गे और शहजादे राहुल गांधी कार्यक्रम में नहीं शामिल हुए क्योंकि उन्हें अपने वोट बैंक का डर था। भाजपा उनके वोट बैंक से नहीं डरती, जो राम का काज करेगा वही राम को प्यारा लगेगा। काशी विश्वनाथ मंदिर का भी प्रधानमंत्री जी ने जीर्णोद्धार किया है और सोमनाथ मंदिर भी सोने का बन रहा है। प्राकृतिक आपदाओं से ग्रस्त केदारनाथ धाम और बद्रीनाथ धाम का भी पुनरुद्धार करने का कार्य भी भाजपा ने किया है।

केंद्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री ने कहा कि कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष कहते हैं कि राजस्थान और कर्नाटक की जनता का कश्मीर से क्या लेना देना लेकिन खड़के साहब को शायद पता नहीं है कि चिकोडी का बच्चा-बच्चा कश्मीर के लिए अपनी जान देने के लिए तैयार है। 70 वर्षों तक कांग्रेस पार्टी ने धारा 370 को अनौरस बच्चे की तरह गोद मे बैठकार रखा लेकिन श्री नरेन्द्र मोदी जो ने दूरी बार प्रधानमंत्री बनते ही धारा 370 को जड़ से

समाप्त कर दिया। जब धारा 370 के समापन का बिल संसद में पेश किया गया तो राहुल गांधी ने कहा था कि यदि धारा 370 को समाप्त किया तो कश्मीर में खून की नदिया बह जाएंगी। 5 वर्ष हो गए खून की नदियां तो दूर की बात हैं किसी की कंकड़ उठाने की हिम्मत नहीं हुई है। श्री नरेन्द्र मोदी जी ने देश से आतंकवाद को समाप्त किया है। **कर्नाटक में एसडीपीआई की मदद से कांग्रेस सरकार बनते ही बेंगलुरू बम धमाका हुआ लेकिन कर्नाटक की कांग्रेस सरकार ने कहा कि गैस का सिलेंडर फटा है। ये गैस सिलेंडर नहीं बल्कि एसडीपीआई के तत्वों द्वारा किया गया बम धमाका था।** चिकोडी की जनता श्री अन्नासाहेब को विजयी बनाकर संसद भेज दे तो कर्नाटक की सुरक्षा की जिम्मेदारी भाजपा सरकार लेगी। हुबली में नेहा हीरामठ की धर्म परिवर्तन न करने के कारण हत्या कर दी गई और कांग्रेस कहती है ये निजी मामला है। नेहा को न्याय दिलाना कांग्रेस के बस की बात नहीं है, भाजपा सरकार उस बच्ची के आरोपियों को उलट लटकाकर सीधा करने का कार्य करेगी।

श्री शाह ने कहा कि **लोकसभा प्रत्याशी श्री अन्नासाहेब शंकर जोले अपने परिवार से ज्यादा चिकोडी के किसानों और महिलाओं का ध्यान रखते हैं** और उनका मुकाबला उनसे है जो अवैध खनन करते हैं, हिन्दू संस्कृति का अपमान करते हैं और हजारों एकड़ की जमीनों का कब्जा किए हुए हैं। **भाजपा शासन में कर्नाटक के किसानों को 10 हजार रुपए मिलते थे जिसमें 6 हजार केंद्र सरकार भेजती थी और 4 हजार राज्य सरकार देती थी, लेकिन कांग्रेस के शासन में किसानों को राज्य से मिलने वाले 4 हजार रुपए बंद कर दिए गए।** आज सरकारी बसें कम हैं, पानी की समस्या से राज्य जूझ रहा है, बिजली की कटौती हो रही है। 10 महीनों के भीतर ही कांग्रेस ने कर्नाटक को बर्बाद करके रख दिया है। **जनता एक बार और आदरणीय प्रधानमंत्री जी पर भरोसा जाता दे, तो राज्य को आगे बढ़ाने का कार्य भाजपा सरकार करेगी।** भाजपा ने उत्तर कर्नाटक में सिंचाई के लिए 13 हजार करोड़ की अलग-अलग योजनाएं शुरू की हैं। पूरे क्षेत्र के लिए अन्नासाहेब ने ढेर सारे कार्य किए हैं। 1500 करोड़ की लागत से राष्ट्रीय राजमार्ग 748-ए का निर्माण शुरू हो गया है, 930 करोड़ की लागत से रेलवे लाइन, आवास योजन के तहत 11 हजार लोगों के घर बनाए गए, 3 लाख घरों में नल से जल और गैस सिलेंडर पहुंचाया, 2 लाख किसानों को किसान सम्मान निधि दी है।

केंद्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री ने कहा कि सोनिया-मनमोहन की पूर्व की कांग्रेस सरकारों के कार्यकाल में आए दिन आतंकी आकर देश में हलमा करके चले जाते थे और वोट बैंक की नाराजगी के डर से कांग्रेस सरकार कुछ नहीं बोलती थी। 2014 में देश ने श्री नरेन्द्र मोदी को प्रधानमंत्री बनाया। भाजपा शासन में पाकिस्तान के आतंकियों ने उरी और पुलवामा में हमला करने की गलती की तो 10 दिनों के भीतर पाकिस्तान के घर में घुसकर भारतीय सेना ने सर्जिकल स्ट्राइक और एयर स्ट्राइक करके आतंकियों का सफाया कर दिया। **आदरणीय प्रधानमंत्री जी ने देश को समृद्ध और सुरक्षित करने का साहसी कार्य किया है।** पूर्व प्रधानमंत्री मनमोहन सिंह देश के अर्थतन्त्र को विश्व में 11वें स्थान पर छोड़कर गए थे, भाजपा सरकार में 10 वर्षों में भारत की अर्थव्यवस्था विश्व में 5वें स्थान पर आ गई है और ये मोदी की गारंटी है कि तीसरी बार श्री नरेन्द्र मोदी के प्रधानमंत्री बनने के बाद भारत, विश्व की तीसरी बड़ी अर्थव्यवस्था बन जाएगा। **दुनिया के 17 देशों ने माननीय प्रधानमंत्री जी को सर्वोच्च नागरिक सम्मान दे चुके हैं। भारत का चंद्रयान तो चंद्रमा के दक्षिणी ध्रुव पर पहुंच गया लेकिन राहुल यान को कांग्रेस 20 बार लॉन्च करने की कोशिश कर चुकी हैं फिर भी लॉन्चिंग सफल नहीं हुई।** आज फिर राहुल गांधी ने अमेठी से भाग कर रायबरेली में पर्चा डाला है, लेकिन राय बरेली में भाजपा प्रत्याशी श्री दिनेश प्रताप सिंह से राहुल गांधी प्रचंड बहुमत से हारने जा रहे हैं।

श्री शाह ने ने कहा कि श्री नरेन्द्र मोदी जी ने 10 वर्षों में करोड़ों गरीबों को प्रति व्यक्ति नि:शुल्क अनाज दिया, घर दिए, बिजली दी, नल से जल दिया, माताओं-बहनों को शौचलाय बना कर दिए और देश के 120 करोड़ लोगों को नि:शुल्क कोरोना का टीका लगवाकर सुरक्षित करने का कार्य किया है। **एक ओर 12 लाख करोड़ के घोटाले-भ्रष्टाचार करने वाली कांग्रेस पार्टी है और दूसरों ओर, 23 वर्षों से मुख्यमंत्री और प्रधानमंत्री रहने के बावजूद एक भी आरोप जिनपर नहीं लगा ऐसे श्री नरेन्द्र मोदी जी हैं।** एक ओर तीन महीने में एक बार विदेश में छुट्टियां मनाने वाले राहुल गांधी हैं और दूरी ओर 23 साल से दीपावली के दिन भी छुट्टी लिए बिना

देश के जवानों के साथ दीपावली मनाने वाले श्री नरेन्द्र मोदी जी हैं। श्री शाह ने कमल के निशान का बटन दबाकर श्री अन्नासाहेब को विजयी बनाकर 400 पार के साथ तीसरी बार श्री नरेन्द्र मोदी जी को प्रधानमंत्री बनाने की अपील की।

*************************